**JALAUN POLICE**

**दिनांक- 11.01.2026**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना नदीगांव साइबर टीम द्वारा आवेदिका के साथ डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हुई 14,500/- रुपये की धोखाधडी की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराकर पीड़ित के चेहरे पर लौटाई मुस्कान।**

आवेदिका छाया प्रजापति नि0 कस्बा व थाना नदीगांव जनपद जालौन द्वारा दिनांक 31.12.2025 को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी कि अभियुक्त द्वारा डिजिटल अरेस्ट के नाम पर आवेदिका से 14,500/- रुपये धोखाधडी कर अपने खाते में ट्रांसफर करवा लेना।

साइबर टीम जनपद जालौन द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना नदीगांव साइबर पुलिस टीम द्वारा आवेदिका द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट इत्यादि का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए आवेदिका उपरोक्त की सम्पूर्ण धनराशि 14,500/- रुपये वापस कराने में सफलता प्राप्त की।

अतः आवेदिका की फ्रॉड हुई धनराशि आवेदिका के खाते में वापस होने पर आवेदिका द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक व थाना नदीगांव साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**बरामदगी का विवरण:-**

| क्र0 सं0 | नाम, पता वादी | फ्रॉड हुई धनराशि | वापसी धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | छाया प्रजापति नि0 कस्बा व थाना नदीगांव जनपद जालौन | **14,500/-** रू0 | **14,500/- रु0** |

**कुल बरामद धनराशि- 14,500 /- रूपये (चौदह हजार पांच सौ रूपये )**

**बरामद करने वाली टीम –**

1. प्रभारी निरीक्षक थाना नदीगांव मय टीम।

**-: ऑनलाइन / साइबर फ्रॉड हेतु:-**

**टोलफ्री नम्बर 1930/112** मो0 नम्बर:- 7839860021